Dainik Bhaskar (Indore), 08th September 2025, Page-03

# आईसीपीसी वर्ल्ड फाइनल के लिए क्वालिफाई में पहुंचा आईआईटी इंदौर

**इंदौर** | आईआईटी इंदौर के छात्रों की प्रोग्रामिंग टीम "404_सॉल्यूशन_नॉट_फाउंड' ने प्रतिष्ठित इंटरनेशनल कॉलेजिएट प्रोग्रामिंग कॉन्टेस्ट (आईसीपीसी) में शानदार प्रदर्शन किया। 6 चैलेंज को हल करते हुए टीम ने नेशनल लेवल पर दूसरा, एशिया-पश्चिम क्षेत्र में तीसरा और वर्ल्ड लेवल पर 72वां स्थान हासिल किया है। आईसीपीसी का वर्ल्ड फाइनल 31 अगस्त से 5 सितंबर 2025 तक बाकू, अजरबैजान में हुआ।